सुन मेरी शेरोवाली माता ओ माता

सुन मेरी शेरोवाली माता ओ माता,
मुझे ये पहाड़ तेरे चढ़ नहीं जाते,
ऊंचे ये पहाड़ तेरे चढ़े नहीं जाते,
नांगे नांगे पाँव मेरे छाले है आ जाते,
पास मेरे आजा मेरी माता ओ माता,

तांबे के कलशा गंगा जल लेके आई,
लाल लाल हलवा लाल डलियां मैं लाइ,
कैसे मैं चड़ाउ मेरी माता बता जा,
सुन मेरी शेरोवाली माता ओ माता,

लाल लाल चुनर लाल घोटा है लगाया,
सलमा सितारों से मैया उसे है सजाया,
कैसे मैं चढ़ा दू मेरी माता बता जा,
सुन मेरी शेरोवाली माता ओ माता,

लाल लाल बिंदियां और लाल सिन्धुवा,
लाल लाल चूड़ियां और लाल नक् मुंदरियाँ,
कैसे पहनादु मेरी माता बता जा,
सुन मेरी शेरोवाली माता ओ माता,

गले में हरवा और पाँव में मोहरावा,
गुच्छा कमरिया में पाँव में बिछियां,
तुझको पहनादु मेरी माता ओ माता,
सुन मेरी शेरोवाली माता ओ माता,

बेटी ये पुकार रही तुझे मेरी माता,
आज का नहीं है है ये जन्मो का नाता,
माता की छाव तू दिखा जा,
सुन मेरी शेरोवाली माता ओ माता,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15607/title/sun-meri-sherovali-maata-o-maata

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |